उत्तर भारत का सम्पूर्ण अखबार
पढ़ कर देखें
अजीत समाचार
अधिक जानकारी तथा समाचार पत्र बुक करवाने के लिए सम्पर्क करें :-
एजैंसी मैनेजर
अजीत समाचार भवन, नेहरू गार्डन रोड, जालन्धर।
फोन : 0181-5086376, 5086379, 5088112
फैक्स : 0181-5086376, 5063104

अजीत समाचार*
AJIT SAMACHAR जालन्धर, मंगलवार, 20 जून, 2017, 6 आषाढ़, विक्रमी सम्वत् 2074, (पृष्ठ : 16) मूल्य : ₹ 3.00
जालन्धर, चंडीगढ़ और बठिंडा से प्रकाशित
Regd.No. PB/JL-137/2015-17 | वर्ष : 22, अंक : 169 | www.ajitsamachar.com | youtube.com/ajitsamacharhindi | facebook.com/ajitsamachar | samachar@ajitjalandhar.com | फोन : 0181-2455961-62-63, 5032400 फैक्स : 2230455, 5011025

अजीत समाचार
में ईयर पैनल
कम खर्च में अधिक प्रचार
बुकिंग के लिए सम्पर्क करें :-
विज्ञापन मैनेजर
अजीत समाचार भवन, नेहरू गार्डन रोड, जालन्धर।
फोन : 0181-2242049, 5086387 फैक्स : 5008882
ईमेल : news@ajitpublications.com

5 एकड़ तक किसानों का कर्ज़ माफ

* मुख्यमंत्री अमरेन्द्र सिंह ने की विधानसभा में घोषणा * सभी उपभोक्ताओं के लिए विद्युत् दरें 5 रुपए होंगी * राज्य में ट्रक यूनियनों को भंग करने की घोषणा

हरकवलजीत सिंह

चंडीगढ़, 19 जून : मुख्यमंत्री पंजाब कैप्टन अमरेन्द्र सिंह ने आज रात पंजाब विधानसभा में राज्यपाल पंजाब के भाषण संबंधी पेश धन्यवाद के प्रस्ताव पर हुई बहस का जवाब देते हुए अधिवेशन में 5 एकड़ तक ज़मीन वाले छोटे व मध्यवर्गीय किसानों का समूचा फसली ऋण माफ करने की घोषणा की। उन्होंने सदन को बताया कि अर्थशास्त्री डा. टी. हक के नेतृत्व वाली विशेषज्ञों की टीम द्वारा सरकार को अपनी अंतरिम रिपोर्ट दे दी गई है जिस पर विचार करने के बाद राज्य सरकार ने ऋण माफी संबंधी फैसला लिया है जिससे लगभग 8.75 लाख छोटे व मध्यवर्गीय किसानों को लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि गैर-संस्थाई कृषि ऋणों के निपटारे हेतु भी राज्य सरकार द्वारा पंजाब कृषि ऋण एक्ट का जायज़ा लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने किसानों को मुफ्त बिजली की सप्लाई जारी रखने संबंधी अपनी सरकार की वचनबद्धता को दोहराया लेकिन बड़े किसानों से अपील की कि वे अपने तौर पर ही मुफ्त बिजली की सुविधा लेनी छोड़ दें। मुख्यमंत्री ने सदन में यह भी घोषणा की कि आत्महत्या करने वाले किसानों का समूचा ऋण राज्य सरकार अपने सिर लेगी लेकिन मुख्यमंत्री द्वारा ऋण माफी के कारण किसानों को होने वाले लाभ संबंधी कोई आंकड़ा देने से इन्कार किया तथा कहा कि इस संबंधी घोषणा बजट तजवीज़ों में ही की जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने सदन में यह भी घोषणा की कि राज्य सरकार कृषि पर आय कर लगाने की किसी भी पेशकश का डटकर विरोध करेगी तथा पंजाब के पानी की एक भी बूंद अब पंजाब से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ट्यूबवैलों के लिए सोलर पम्प किसानों को देने का भी फैसला लिया गया है तथा इस उद्देश्य के लिए आगामी बजट में धनराशि भी रखा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि गत सरकार द्वारा फसल की मंडियों से उठान संबंधी जो 31 हज़ार करोड़ का ऋण लिया गया है (शेष पृष्ठ 2 पर)

* विधानसभा में जी.एस.टी. बिल पारित * पुलिस कर्मचारियों को 13वें माह का मिलने वाला वेतन जारी रहेगा * उद्योगों के लिए सी.एल.यू. करवाने की शर्त समाप्त

चंडीगढ़ : विधानसभा में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेन्द्र सिंह। (छाया : गुरिन्द्र सिंह)

2017-18 बजट प्रस्तावों पर मोहर

होटलों को शराब पाबंदी से छूट के लिए संशोधन को स्वीकृति

बागवानी यूनिवर्सिटी स्थापित करने का रास्ता साफ

चंडीगढ़, 19 जून (अ.स.): पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मंत्रिमंडल ने आज प्रदेश के वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल द्वारा 20 जून को विधानसभा में पेश की जाने वाले बजट तजवीज़ों को रस्मी स्वीकृति दे दी है। यह खुलासा करते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मंत्रिमंडल ने प्रशासनिक सुधार विभाग व शिकायत निवारण विभाग का विलय करके पुनर्गठन करने उपरांत नया नाम 'प्रशासनिक सुधार व लोक शिकायत विभाग' रखने की मंज़ूरी दे दी। इस कदम से शिकायत निवारण विभाग के मौजूदा व आफलाईन शिकायतें के निवारण की विधि की दुरुस्ती व समकालीकरण होने से प्रभावित शिकायत (शेष पृष्ठ 2 पर)

कोविंद राष्ट्रपति पद के लिए राजग के उम्मीदवार

नई दिल्ली, 19 जून (भाषा/उपमा डागा पारथ) : राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के लिए तमाम कयासों पर विराम लगाते हुए भाजपा ने दलित नेता और बिहार के राज्यपाल रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति पद के लिए राजग के उम्मीदवार के रूप में नामित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और कुछ अन्य वरिष्ठ नेताओं को इसकी जानकारी दी। भाजपा संसदीय बोर्ड की करीब 2 घंटे तक चली बैठक के बाद पार्टी अध्यक्ष अमित शाह ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि कोविंद 23 जून को इस शीर्ष संवैधानिक पद के लिए अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों (शेष पृष्ठ 2 पर)

रामनाथ कोविंद

घड़ी
घड़ी डिटर्जेन्ट
अब एक
नए अवतार में
घड़ी
महा शक्तिशाली
पहले इस्तेमाल करें फिर विश्वास करें
कपड़े ज़्यादा मुलायम
बेह्तरीन सफेदी
रंग खिले खिले
पहले इस्तेमाल करें
फिर विश्वास करें
सप्लाई और सर्विस से सम्बन्धित कोई भी शिकायत हो तो सम्पर्क करें. ✆ RSPL CARE 1800 120 2800

लंदन में नमाज़ियों पर वैन चढ़ाई, 1 की मौत

* 10 लोग घायल * इमाम ने ड्राइवर को भीड़ से बचाया

लंदन, 19 जून (भाषा) : ब्रिटेन की राजधानी लंदन में एक मस्ज़िद से नमाज़ पढ़कर बाहर निकल रहे नमाज़ियों को निशाना बनाते हुए एक व्यक्ति ने अपनी वैन उनके बीच घुसा दी, जिससे एक नमाज़ी की मौत हो गई और 10 अन्य लोग घायल हो गए। लंदन में पिछले तीन महीनों में हुआ यह तीसरा आतंकी हमला है। यह घटना कल देर रात मुस्लिम वेल्फेयर हाऊस के बाहर हुई। सैवन सिस्टर्स रोड पर स्थित इस परिसर में एक मस्ज़िद है। गृह मंत्री एंबर रूड ने कहा कि पुलिस इसे आतंकी घटना (शेष पृष्ठ 2 पर)

लंदन में नमाज़ियों पर चढ़ाई गई वैन की जांच करते हुए फौरैंसिक विशेषज्ञ।

दार्जिलिंग : सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर, स्थिति अब भी तनावपूर्ण

दार्जिलिंग, 19 जून (भाषा) : दार्जिलिंग में आज हिंसा की कोई घटना नहीं हुई लेकिन सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं और इंटरनेट सेवाएं निलंबित है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि स्थिति अब भी तनावपूर्ण है। हिंसा की कोई घटना नहीं हुई है लेकिन हम अत्यधिक सतर्कता बरत रहे हैं और किसी भी प्रकार की संभावित घटना के लिए तैयार हैं। इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं और सुरक्षा बल पूर्ण बंद के पांचवें दिन सड़कों पर गश्त कर रहे हैं। इस बंद का आह्वान गोरखा (शेष पृष्ठ 2 पर)

दार्जिलिंग जीजेएम के कार्यकर्त्ता प्रदर्शन दौरान नारेबाज़ी करते हुए।

भाजपा चुनाव जीत सकती है, लेकिन कश्मीर को नहीं बचा सकती : शिवसेना

मुंबई, 19 जून (भाषा) : शिवसेना ने आज भाजपा पर हमले तेज़ करते हुए और इसके अध्यक्ष अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा महाराष्ट्र में मध्यावधि चुनाव में जीत हासिल कर सकती है तथा राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपने उम्मीदवार को जितवा सकती है, लेकिन कश्मीर को बचाने में सक्षम नहीं है। शिवसेना ने अपने मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय में कहा कि अमित शाह और उनकी पार्टी की निगाहें महाराष्ट्र में मध्यावधि चुनाव पर हैं। मध्यावधि चुनाव के नतीजों की बजाय हम इसको लेकर चिंतित हैं कि कश्मीर और हिंसा प्रभावित दार्जिलिंग में क्या होगा। पार्टी ने यह हमला उस वक्त किया है जब शाह ने एक दिन पहले शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे से उनके आवास 'मातोश्री' में मुलाकात की (शेष पृष्ठ 2 पर)

भारत ने की ब्रिक्स देशों से गहरे संबंधों की वकालत

* आतंकवाद व सुरक्षा संबंधी मुद्दे ब्रिक्स के एजेंडे में शामिल

बीजिंग : ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक दौरान भारत के विदेश राज्य मंत्री वी.के. सिंह अन्य देशों के अपने समकक्षों के साथ।

बीजिंग, 19 जून (भाषा) : भारत ने आज ब्रिक्स देशों के साथ अपने संबंध को बढ़ाने की वकालत की है। ब्रिक्स देशों ने वित्तीय मामलों से जुड़े अपने एजेंडे को विस्तार देते हुए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समक्ष मौजूद आतंकवाद से निपटने के मुद्दों और सुरक्षा संबंधी मुद्दों को इसमें शामिल कर लिया है। ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक को यहां संबोधित करते हुए विदेश राज्य मंत्री जनरल सेवानिवृत वी.के. सिंह ने कहा कि सुरक्षा संबंधी मुद्दों और आतंकवाद से निपटने के मुद्दों पर (शेष पृष्ठ 2 पर)

भारत में एफ-16 लड़ाकू विमानों के निर्माण के लिए लाकहीड मार्टिन व टाटा में समझौता

लंदन, 19 जून (भाषा) : टाटा समूह व अमरीकी वैमानिकी कम्पनी लाकहीड मार्टिन ने एफ-16 लड़ाकू विमान भारत में बनाने के लिए आज एक बड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स व लाकहीड के इस सौदे की घोषणा पेरिस एयरशो के अवसर पर की गई और कहा गया है कि यह सौदा भारतीय वायुसेना की एक इंजन वाले लड़ाकू विमान की मांग को पूरा करने के अनुकूल है। टाटा व लाकहीड मार्टिन के इस समझौते को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के (शेष पृष्ठ 2 पर)

सुब्रत राय की ज़मानत 5 जुलाई तक बढ़ाई

नई दिल्ली, 19 जून (भाषा) : उच्चतम न्यायालय ने सहारा प्रमुख सुब्रत राय को सहारा सेबी खाते में वायदे के मुताबिक 1500 करोड़ रुपए में से 709.82 करोड़ रुपए जमा कराने के लिये आज दस कार्य दिवसों की मोहलत देते हुए उनकी अंतरिम ज़मानत की अवधि 5 जुलाई तक के लिये बढ़ा दी। न्यायमूर्ति दीपक मिश्र और न्यायमूर्ति रंजन गोगाई की पीठ ने राय की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की इन दलीलों पर विचार किया कि 790.18 करोड़ रुपए पहले ही सेबी सहारा के खाते में जमा कराये जा चुके हैं और उन्हें शेष रकम जमा कराने के लिये दस कार्य दिवस और दे दिये जायें। राय ने इससे पहले 1500 करोड़ रुपए के दो (शेष पृष्ठ 2 पर)

आयकर विभाग द्वारा बेनामी ज़मीन सौदे में मीसा भारती की संपत्ति कुर्क

नई दिल्ली, 19 जून (भाषा): आयकर विभाग ने 1,000 करोड़ रुपए के बेनामी ज़मीन सौदों तथा कर अपवंचना मामले की जांच के सिलसिले में राजद प्रमुख लालू यादव के परिवार के सदस्यों की कुछ अचल परिसंपत्तियों को अस्थाई रूप से कुर्क किया है। अधिकारियों ने कहा कि विभाग ने बेनामी लेन-देन कानून, 1988 के तहत अस्थाई आदेश के ज़रिए दो संपत्तियों दिल्ली में एक मकान और एक ज़मीन की कुर्की की है। यह कानून पिछले साल 1 नवम्बर से लागू हुआ था। उन्होंने कहा कि ये संपत्तियां बेनाजी कब्ज़े में थीं। विभाग द्वारा पिछले महीने की गई छापेमारी के बाद यह कार्वाई की गई है। कुर्क संपत्ति के मूल्य का तत्काल पता नहीं चल पाया है। बेनामी संपत्ति में (शेष पृष्ठ 2 पर)

नजीब मामले की जांच के लिए जेएनयू पहुंची सी.बी.आई. टीम

नई दिल्ली, 19 जून (भाषा) : सीबीआई का एक दल 16 अक्तूबर 2016 को हॉस्टल से रहस्यमयी तरीके से लापता हो गए छात्र नजीब अहमद के मामले की जांच के लिए जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) पहुंचा। सीबीआई दल जेएनयू के माही-मांडवी हॉस्टल में अहमद और एबीवीपी छात्रों के बीच हुए झगड़े के आरोपों और उन परिस्थितियों की जांच कर रहा है जिसके कारण शायद यह झगड़ा हुआ। साथ ही उसके लापता होने से पहले की घटनाओं की भी जांच की (शेष पृष्ठ 2 पर)

दुपट्टा
Fair & Lovely
Fair & Lovely | ADVANCED MULTI VITAMIN™
FREE** 20% Extra
Fair & Lovely
ADVANCED MULTI VITAMIN
EXPERT FAIRNESS SOLUTION
₹5/-
4.5g+0.9g
निखार को धूप से बचाना है
तो अब सिर्फ़ दुपट्टा नहीं, फ़ेयर एंड लवली.

चेहरे के निखार को सुरक्षित रखने के लिए लड़कियां अक्सर चेहरे को दुपट्टे से ढक लेती हैं. लेकिन ऐसे नुस्खे घर तक ही चलते हैं, बाहर नहीं. इसीलिए अब से घरेलू नुस्खे हटाओ और फ़ेयर एंड लवली अपनाओ. इसका एडवांस्ड मल्टीविटामिन फ़ॉर्मूला आपकी त्वचा की गहराई में जा कर दाग़-धब्बे मिटाए और आपको दे बेहतरीन निखार.

*रचनात्मक चित्रण.